दिनांकः 02.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नांदसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर आज पुनर्मतदान जारी है। सुबह 11 बजे तक यहां 41 दशमलव शून्य तीन प्रतिशत वोट डाले गये हैं। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांदसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर ये मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। केकड़ी जिले में आने वाले इस मतदान केन्द्र पर 753 पंजीकृत मतदाता हैं। इस बीच, केकडी पुलिस अधीक्षक और चुनाव पर्यवेक्षकों ने पोलिंग बूथ पहुंचकर स्थिति का अवलोकन लिया। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान इस बूथ पर 17 ए रजिस्टर गुम होने के कारण पुनर्मतदान का निर्णय लिया था।

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में लू, तापघात और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर आज समीक्षा बैठक करेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर करेंगे। बैठक में चिकित्सा विभाग के सभी आला अधिकारी सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जुडेंगे। इस दौरान जिलों द्वारा ''क्लाइमेट चेंज'' पर बनायी गयी कार्य योजना की समीक्षा की जाएगी। फायर सेफ्टी और फायर एनओसी के साथ ही चिकित्सा संस्थानों में बिजली और पानी की उपलब्धता पर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि इस साल मार्च में ''क्लाइमेट चेंज'' पर राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण के क्रम में हर जिले से जिला स्तरीय एक्शन प्लान तैयार किया जाना था।

प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। पारा गिरने से लोगों को तेज़ गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से राज्य के उत्तर–पश्चिमी जिलों में धूलभरी हवा चलने के साथ बादल छाये रहने की संभावना है।

जैसलमेर जिले के पोकरण शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नगर पालिका की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पोकरण नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी जोधाराम विश्नोई ने बताया कि स्वच्छता अभियान चलाकर गीले और सूखे कचरे को अलग अलग कचरा पात्रों में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका क्षेत्र के विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

बारां के छीपाबड़ौद क्षेत्र की सारथल घाटी में देर रात एक गाड़ी पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सारथल थानाधिकारी ने बताया की बिजली, जलदाय और पीडब्ल्यूडी विभाग के कुछ अधिकारी इस गाड़ी में सवार होकर छीपाबड़ौद जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में पीडब्ल्यूडी जेईएन अभिषेक गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, धौलपुर के बाड़ी कस्बे में कल एक निर्माणाधीन मकान के गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। काम पूरा

होने के बाद ठेकेदार और मजदूर मकान का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ।

राज्य में शिक्षा का अधिकार–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 मई कर दी गयी है। स्कूल शिक्षा परिषद् के परियोजना निदेशक और आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के गैर सरकारी विद्यालयों में प्री–प्राइमरी और पहली कक्षा में 25 प्रतिशत सीट्स पर प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख बढाई गई है। उन्होंने बताया कि अब आरटीई की ऑनलाइन लॉटरी 13 मई को निकाली जाएगी।

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। हैदराबाद में खेला जाने वाला ये मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। राजस्थान की टीम ने इस आईपीएल श्रंखला में नौ में से आठ मैच जीते हैं। इसके साथ ही राजस्थान की टीम अंकतालिका में सबसे ऊपर बनी हुई है। वहीं हैदराबाद अपने नौ मैचों में पांच मैच जीतकर पांचवें स्थान पर है।